यूपी में धार्मिक पर्यटन अर्थव्यवस्था मजबूत करेगा

■ पेज एक से जारी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को 'हिन्दुस्तान' से विशेष बातचीत में कहा कि किसी भी सेक्टर में देखेंगे तो यूपी आगे है। आज चाहे कानून-व्यवस्था हो या फिर रोजगार, हम आगे चल रहे हैं। जब हमने सरकार संभाली तो यूपी में बेरोजगारी दर 19 फीसदी से अधिक थी। अब बेरोजगारी दर 2.4 फीसदी है। यूपी में एमएसएमई दम तोड़ रही थी। ओडीओपी के जरिये एमएसएमई धमाका कर रहा है। यूपी 2027-28 तक वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 में जब हम आए थे तो धार्मिक पर्यटन तीन करोड़ के करीब था। यह बीते वर्ष 31.5 करोड़ के पास पहुंच गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने दीजिए, यूपी में पर्यटक संख्या कई गुना बढ़ेगी।

अयोध्या का विकास पर्यटन ही नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था को बदल देगा। अयोध्या में पर्यटन बढ़ेगा तो वहां के बाजार, तमाम सेक्टर, टैक्सी चालक, नाविक, होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊंचाई देगा। अयोध्या के लोग यह सब समझते भी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डबल इंजन की सरकार ने हमारी अयोध्या को संवार दिया। अयोध्या जो पांच सदी तक अभिशप्त थी अब वह वैश्विक मानचित्र पर चमकेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में दोगुनी हुई राज्य की जीडीपी

जीएसडीपी

■ वर्ष 2016-17 -247658.00 करोड़ रुपये थी

■ वर्ष 2023-24 -439171.00 करोड़ रुपये (अनुमानित)

प्रतिव्यक्ति आय

■ वर्ष 2017 में 52671 रुपये थी

■ वर्ष 2021-22 में 70792 रुपये

राजकोषीय घाटा कम हुआ

■ वर्ष 2016-17—4.47%

■ वर्ष 2023-24—3.48% अनुमानित

बेटियों की आबादी भी बढ़ी

■ 2015-16 में 1000 पुरुषों पर 995 महिलाएं थीं

■ 2020-21 में 1000 पुरुषों पर 1017 महिलाएं हो गई।

संस्थागत प्रसव

■ वर्ष 2015-16 में 67.8 फीसदी

■ वर्ष 2020-21 में 83.4 फीसदी

यूपी में धार्मिक पर्यटन

प्रयागराज

■ वर्ष 2017 में -4.18 करोड़

■ वर्ष 2023 में - 4.49 करोड़

काशी

■ वर्ष 2017 में 68.82 लाख

■ वर्ष 2023 में 8.42 करोड़

अयोध्या

■ वर्ष 2017 में 2.84 लाख

■ वर्ष 2023 में 2.03 करोड़

मथुरा

■ वर्ष 2017 में 72.53 लाख

■ वर्ष 2023 में 1.5 करोड़